दिनांक 19 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बारिश से पूर्व संपूर्ण रूप से नाला की सफाई के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नालों की सफाई की जा रही है! महापौर एवं विधायक भिलाई नगर श्री देवेंद्र यादव ने बारिश से पूर्व बड़े एवं छोटे नालों की सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं! जिस पर निगम आयुक्त एसके सुंदरानी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए नालों की सफाई के लिए अभियान चलाने के लिए आदेशित किया है ताकि बारिश में भी जलभराव की स्थिति न हो! प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि कोसा नगर रेलवे स्टेशन से गांधीनगर माइलस्टोन के पीछे तक एवं सूर्य विहार कॉलोनी तक लगभग ढाई किलो मीटर के नाला को चैन मशीन के सहारे सफाई कराया जा रहा है जिसमें से कोसानाला की सफाई की जा चुकी है , वही चैन मशीन का उपयोग बड़े नालों में किया जा रहा है तथा नाला का आकार छोटा होने पर छोटे चैन मशीन लगाकर सफाई किया जा रहा है, जहां आवश्यकता अनुरूप सफाई कर्मचारियों से भी सफाई कराई जा रही है! पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास नाला में चैन मशीन एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई , वार्ड क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत सुपेला थाना के सामने नाला को जेसीबी एवं सफाई कर्मचारी द्वारा सफाई किया गया! जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत शीतला मंदिर वार्ड 14 से पीछे तक इंदु आईटी तक नाला सफाई चैन मशीन के द्वारा किया गया , जोन क्रमांक 3 केनाल नाला नंदिनी रोड से संग्राम चौक तक नाला सफाई कार्य सफाई कर्मचारियों की माध्यम से किया गया , जोन क्रमांक चार क्षेत्र अंतर्गत करुणा हॉस्पिटल से सिगड़ी पारा के नाला का चैन मशीन से सफाई किया गया , जोन क्रमांक 6 अंतर्गत नाला का जेसीबी एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई किया गया! जोन क्रमांक 1 वार्ड 1 में एमजे कॉलेज के सामने से चैन मशीन से सफाई किया जाना है, बापू नगर से शराब भट्टी नाला सफाई प्रगति पर है, टंकी मरोदा से शीतला तालाब नाला का सफाई कार्य किया जा रहा है! इसके अतिरिक्त जो नाला सफाई हेतु शेष है उन्हें भी बारिश पूर्व सफाई किया जाना है!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है, जल ही जीवन है